# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


## Rangoli Competition on Beti Bachao, Beti Padao 01 oct 2019


# कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय

## जिला–अनूपपुर (म0प्र0)

e-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎ 9424931012


क्रमांक/1054 /स्था. /2019 अनूपपुर दिनांक 17-10-2019

प्रति ,

अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा।

विषयः– विभाग द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले त्रैमासिक न्यूज लेटर हेतु सामग्री का प्रेषण।

संदर्भः– आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्र. 618/रूसा/2019 भोपाल, दिनांक 01.10.2019।

महोदय,

विषयोक्त में लेख है कि इस जिला स्तरीय महाविद्यालय में जुलाई से सितम्बर के मध्य बेटी बचाव, वृक्षारोपण नवाचार अंर्तगत कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

**1. बेटी बचाव**– " बेटियाँ हैं तो कल है " एवं "बेटियाँ ही समाज का आधार हैं" इस तारतम्य में जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता इस अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं अपने विचारों को संदेशपरक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं द्वारा बनाए गए रंगोली का मुआयना कर विजेताओं की घोषणा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायाधीश डॉ सुभाष कुमार जैन अपने उद्बोधन में कहा कि कन्या हमारी संस्कृति में आराध्या रूप में मानी गयीं हैं। **"यत्र नार्यस्त पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता"** की अवधारणा अत्यन्त समीचीन और सार्थक रही है। वर्तमान भौतिकतावादी दौड़ में मानवता वादी मूल्यों का क्षरण हुआ है। इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**2. वृक्षारोपण** – "वृक्ष है तो हम हैं" इस महान संदेश को आत्मसात करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में माह अगस्त में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित लोगों एवं अनूपपुर जिले में वर्षो से कार्यरत सामाजिक संस्थान "लायंस क्लब" को भी आमंत्रित किया गया। क्लब के सम्मानीय सदस्यों द्वारा लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा करते हुए स्वयं वृक्षारोपण कर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को अपने–अपने घरों में एक–एक वृक्ष लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया। तदोपरान्त पौधा रोपण का कार्यक्रम हुआ जिसमें आमरूद, आम, ऑवला एवं कटहल का पौधा लगाया गया।

डॉ0 परमानंद तिवारी
प्राचार्य
शा. तुलसी महावि. अनूपपुर

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Dist. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act
E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

## Rangoli Competition on Beti Bachao, Beti Padao 01 oct 2019












PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)